रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)—73 REGISTERED No. D.(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 7] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 12, 1977/माघ 23, 1898
No. 7] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 12, 1977/MAGHA 23, 1898

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप म रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

मंत्रिमण्डल सचिवालय
(कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)

नई दिल्ली, 28 जनवरी, 1977

का० आ० 465.—दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 (1974 का अधिनियम 2) की धारा 24 की उपधारा 6 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा श्री अशोक कुमार, मालिक मैसर्स अशोक इन्डस्ट्रीज, हैदराबाद तथा अन्यों के विरुद्ध मुकदमा आर० सी० नं० 13/ई०/70 मद्रास एवम् श्री विजय कुमार बलदावा, मालिक मैसर्स नरेन्द्र इन्डस्ट्रीज, हैदराबाद तथा अन्यों के विरुद्ध मुकदमा आर० सी० नं० 13/ई०/71-मद्रास में विचारण न्यायालय में अभियुक्तों के अभियोजन का संचालन करने हेतु श्री एस० जी० सामन्त अधिवक्ता बम्बई को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त करती है।

[सं० 225/68/76-ए०वी०डी०-(II)]

CABINET SECRETARIAT
(Department of Personnel and Administrative Reforms)

New Delhi, the 28th January, 1977

S.O. 465.—In exercise of the powers conferred by sub-section (6) of section 24 of the Code of Criminal Procedure, 1973 (2 of 1974) the Central Government hereby appoints Shri S. G. Samant, Advocate, Bombay as a Special Public Prosecutor for conducting the prosecution of the accused in cases RC No. 13/E/70-Madras against Shri Ashok Kumar, Prop: M/s. Ashoka Industries, Hyderabad and others and RC No. 13/E/71-Madras against Shri Vijaya Kumar Baldawa, Prop: M/s. Narendra Industries, Hyderabad and others in the trial courts at Bombay.

[No. 225/68/76-AVD. (II)]

आदेश

का० आ० 466.—दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 (1946 का 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उप-धारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सिक्किम राज्य सरकार की सहमति से केन्द्रीय सरकार, एतद्द्वारा निम्नलिखित अपराधों के अन्वेषण करने के लिये दिल्ली विशेष स्थापना के सदस्यों की शक्तियों एवम् अधिकारिता का सिक्किम राज्य विस्तार करती है, अर्थात्:—

(क) भारतीय दण्ड संहिता, 1860 (1860 का 45) की धाराएं 120-बी, 124-ए, 161, 162, 163, 164, 165, 165-ए, 166, 167 168, 169, 171-ई०, 171-एफ, 182, 193, 196, 197, 198, 199, 200, 201, 204, 211, 218, 231, 232, 233, 234, 235, 236, 237, 238, 239, 240, 241, 242, 243, 244, 245, 246, 247, 248, 249, 250, 251, 252, 253, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 263-ए, 379, 380, 381 382, 384, 385, 386, 387, 388, 389, 403, 406, 407, 408, 409, 411, 412, 413, 414, 417, 418, 419, 420, 465, 466, 467, 468, 471, 472, 473, 474, 475, 476, 477-ए, 489-ए, 489-बी, 489-सी, 489-डी, 489-ई, 500, 501, 502 तथा 505 के अधीन दण्डनीय अपराध।

(ख) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947 (1947 का 2) के अधीन दण्डनीय अपराध तथा

(ग) उपरोक्त खण्ड (क) तथा खण्ड (ख) में उल्लिखित अपराधों के सम्बन्ध में या उनसे सम्बन्धित प्रयत्न दुष्प्रेरणा और षड्यन्त्रों तथा उन्हीं तथ्यों से उत्पन्न हुई वैसी ही कार्रवाई के दौरान किया गया अन्य कोई अपराध ।

[सं० 228/7/76-ए० वी० डी० (II)]
एस० डी० गुप्ता, अवर सचिव

ORDER

S.O. 466.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5, read with section 6, of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (25 of 1946), the Central Government, with the consent of the Government of the State of Sikkim, hereby extends to the State of Sikkim the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment for the investigation of the offences specified below, namely :—

(a) Offences punishable under sections 120-B, 124-A, 161, 162, 163, 164, 165, 165A, 166, 167, 168, 169, 171E, 171F, 182, 193, 196, 197, 198, 199, 200, 201, 204, 211, 218, 231, 232, 233, 234, 235, 236, 237, 238, 239, 240, 241, 242, 243, 244, 245, 246, 247, 248, 249, 250, 251, 252, 253, 254, 255, 256, 257, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 263A, 379, 380, 381, 382, 384, 385, 386, 387, 388, 389, 403, 406, 407, 408, 409, 411, 412, 413, 414, 417, 418, 419, 420, 465, 466, 467, 468, 471, 472, 473, 474, 475, 476, 477A, 489A, 489B, 489C, 489D, 489E, 500, 501, 502, and 505 of the Indian Penal Code, 1860 (45 of 1860);

(b) Offences punishable under the Prevention of Corruption Act, 1947 (2 of 1947); and

(c) attempts, abetments and conspiracies in relation to, or in connection with, the offences mentioned in clauses (a) and (b) above and any other offences committed in the course of the same transaction arising out of the same facts.

[No. 228/7/76-AVD(II)]
S. D. GUPTA, Under Secy.

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, 20 जनवरी, 1977

का० आ० 467.—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 13-क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग, अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह प्रशासन के परामर्श से, श्री ओ०एस० चौहान के स्थान पर श्री डी०सी० मिश्र, आई० ए० एस०, मुख्य सचिव, अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह प्रशासन, को उनके कार्यभार संभालने की तारीख से अगले आदेशों तक अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के लिए मुख्य निर्वाचन आफिसर के रूप में नामनिर्देशित करता है।

[सं० 154/अ०नि० द्वी०/76]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, the 20th January, 1977

S.O. 467.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consultation with the Andaman and Nicobar Island Admn., hereby nominates Shri D. C. Misra, Chief Secretary of Andaman and Nicobar Islands Administration, as the Chief Electoral Officer for the Union Territory of Andaman and Nicobar Islands with effect from the date he takes charge of the office and until further orders vice Shri O. S. Chauhan.

[No. 154/ANI/76]

नई दिल्ली, 21 जनवरी, 1977

का० आ० 468.—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 13-क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत निर्वाचन आयोग, हिमाचल प्रदेश सरकार के परामर्श से, श्री पी० पी० श्रीवास्तव के स्थान पर श्री एच० एस० दुबे, आई०ए०एस०, वित्तीय आयुक्त, हिमाचल प्रदेश को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से अगले आदेशों तक हिमाचल प्रदेश राज्य के लिए मुख्य निर्वाचन आफिसर के रूप में नामनिर्देशित करता है।

[सं० 154/हि०प्र०/77]
प्र० कु० मिश्र, सचिव

New Delhi, the 21st January, 1977

S.O. 468.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consultation with the Government of Himachal Pradesh, hereby nominates Shri H. S. Dubay, I.A.S., Financial Commissioner, Himachal Pradesh as the Chief Electoral Officer with effect from the date he takes charges of the office and until further orders vice Shri P. P. Srivastava.

[No. 154/HP/77]
P. K. MISRA, Secy.

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

CORRIGENDUM

New Delhi, the 24th January, 1977

S.O. 469.—In the notification of the Government of India in the Ministry of Home Affairs No. S.O. 4777 dated the 3rd December 1976, published in the Gazette of India part II, section 3, sub-section (ii), dated the 25th December 1976 at page 4489 for "Employees (Conditions of Services) Act, 1976" read "Sales Promotion Employees (Conditions of Service) Act, 1976".

[No. U-11030/6/76-UTL]

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 29 जनवरी, 1977

का० आ० 470.—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 239 के खण्ड (1) के अनुसरण में निदेश करते हैं कि अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक, राष्ट्रपति के नियंत्रण के अधीन रहते हुए और आगे आदेश होने तक, अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह भू-राजस्व और भूमि सुधार विनियम, 1966 (1966 का 2) के धारा 6 और धारा 46 के उप धारा (1) के अधीन सरकार के अधिकारों का प्रयोग भी करेंगे।

[सं०य० 11030/7/76-यू०टी०एल०]
हरीश चन्द्र बक्षी, अवर सचिव

New Delhi, the 29th January, 1977

S.O. 470.—In pursuance of clause (1) of article 239 of the Constitution, the President hereby directs that the Chief Commissioner of the Union territory of the Andaman and Nicobar Islands shall, subject to the control of the President and until further orders, also exercise the powers of the Government under section 6, and sub-section (1) of section 46 of the Andaman and Nicobar Islands Land Revenue and Land Reforms Regulation, 1966 (2 of 1966).

[No. U-11030/7/76-UTL]
H. C. BAKSHI, Under Secy

वित्त मंत्रालय

राजस्व और बैंकिंग विभाग

नई दिल्ली 9 नवम्बर, 1976

आय-कर

का० आ० 471.—आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखंण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार सर्वश्री एफ० एस० मानावालन को जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी हैं, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारियों की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2. अधिसूचना सं० 469 (404/138/73 आई०/टी० सी०/सी० तारीख 10-9-1973 द्वारा की गई श्री ए० सुन्दरम की नियुक्ति रद्द की जाती है।

3. यह अधिसूचना सर्वश्री एफ० एस० मानावालन के कर वसूली अधिकारियों के रूप में कार्य-भार ग्रहण करने की तारीख से प्रवृत्त होगी।

[सं० 1551 (फा० सं० 404/95/76-आई० टी०सी०सी०)]

एस० आर० वधवा, उप सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue and Banking)

New Delhi, the 9th November, 1976

INCOME-TAX

S.O. 471.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Sri F. S. Manavalan who is a Gezetted Officer of the Central Government to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Sri A. Sundaram made under Notification No. 469 (404/138/73-ITCC) dated 10-9-1973 is hereby cancelled.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Sri F. S. Manavalan takes over as Tax Recovery Officer.

[No. 1551 (F. No. 404/95/76-ITCC)]

S. R. WADHWA, Dy. Secy

नई दिल्ली, 24 नवम्बर, 1976

आय-कर

का० आ० 472.—केन्द्रीय सरकार, आय-कर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 2 के खण्ड (44) के उपखण्ड (iii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री वी० के० अरोरा को, जो केन्द्रीय सरकार के राजपत्रित अधिकारी है, उक्त अधिनियम के अधीन कर वसूली अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करती है।

2 अधिसूचना संख्या 466 (फा० सं० 404/130/73-आई०टी० सी० सी०) तारीख, 10 सितम्बर, 1976 के अधीन कर वसूली अधिकारी के रूप में की गई श्री आर० सी० निगम की नियुक्ति श्री वी० के० अरोरा के कर वसूली अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से रद्द की जाती है।

3 यह अधिसूचना श्री वी० के० अरोरा के कर वसूली अधिकारी के रूप मे कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रवृत्त होगी।

[सं० 1562 (फा०सं० 404/197/76-आई०टी०सी०सी)]

एच० वेन्कटरमन, उप सचिव

New Delhi, the 24th November, 1976

INCOME-TAX

S.O. 472.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (iii) of clause (44) of Section 2 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby authorises Shri V. K. Arora who is a Gazetted Officer of the Central Government to exercise the powers of a Tax Recovery Officer under the said Act.

2. The appointment of Shri R. C. Nigam as Tax Recovery Officer made under Notification No. 466 (F. No 404/130/73-ITCC) dated 10th September, 1976 is hereby cancelled with effect from the date Shri V. K. Arora takes over as Tax Recovery Officer.

3. This Notification shall come into force with effect from the date Shri V. K. Arora takes over charge as Tax Recovery Officer.

[No. 1562 (F. No. 404/197/76-ITCC)]

H. VENKATARAMAN, Dy. Secy.

(राजस्व पक्ष)

नई दिल्ली, 1 नवम्बर, 1976

आय-कर

का० आ० 473—अधिसूचना सं० 558 तारीख 15 फरवरी, 1974 के अनुक्रम में सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, अर्थात् भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद् नई दिल्ली ने निम्नलिखित संस्था को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35 की उपधारा (1) के खण्ड (ग) के प्रयोजनों के लिए 1 अप्रैल, 1976 से 3 वर्ष की और अवधि के लिए निम्नलिखित शर्तों पर अनुमोदित किया है, अर्थात् —

(i) यह कि उक्त संस्था छूट के अधीन प्राप्त निधियों का हिसाब पृथक से रखेगा।

(ii) यह कि ऐसी निधियों का उपयोग केवल समाज विज्ञान में अनुसंधान की प्रगति के लिए किया जाएगा, और

(iii) यह कि संस्था भारतीय समाज विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली को, छूट के अधीन संगृहीत निधियों और वह रीति जिसमें उनका उपयोग किया गया है दर्शित करने वाली वार्षिक रिपोर्ट भेजेगी।

संस्था

किशोर भारती, बानखेड़ी जिला होशंगाबाद, मध्य प्रदेश।

[सं० 1546 (फा० सं० 203/41/76-आई०टी०ए० II]

टी०पी० अग्रवालवाला, निदेशक

(Revenue Wing)

New Delhi, the 1st November, 1976

INCOME-TAX

S.O. 473.—In continuation of Notification No. 558 dated 15th February, 1974, it is hereby notified for general information that the institution mentioned below has been

approved by the Indian Council of Social Science Research, the prescribed authority for the purposes of clause (iii) of sub-section (1) of Section 35 of the Income-tax Act, 1961, subject to the following conditions for a further period of three years with effect from 1st April, 1976.

(i) That the Kishore Bharati shall maintain separate accounts of the funds collected by them under the exemption.

(ii) That such funds shall be utilised exclusively for promotion of research in Social Sciences; and

(iii) That the Institute shall send an Annual Report to the Indian Council of Social Science Research, New Delhi, showing the funds collected under the exemption and the manner in which the funds were utilised.

INSTITUTION

Kishore Bharati, Bankheri, Dist. Hoshangabad, M.P.

[No. 1546 (F. No. 203/41/76-ITA. II)]

T. P. JHUNJHUNWALA, Director

(बैंकिंग पक्ष)

नई दिल्ली, 21 जनवरी, 1977

का० आ० 474.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंध 1 मार्च, 1976 से प्रारम्भ होकर 28 फरवरी, 1978 को समाप्त अवधि के लिए 'दि सेफ कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड, बम्बई, पर लागू नहीं होंगे।

[सं० एफ० 8/11/76-ए०सी०]

(Banking Wing)

New Delhi, the 21st January, 1977

S.O. 474.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of Section 11 of the said Act shall not apply to the Safe Cooperative Bank Ltd., Bombay for the period from 1 March 1976 to 28 February 1978.

[No. F. 8/11/76-AC]

का० आ० 475.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर घोषित करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबंध 31 दिसम्बर, 1975 से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर 1977 को समाप्त अवधि के लिए 'दि उटकमंड टाउन कोआपरेटिव अर्बन बैंक लि०, 'उटकमंड', पर लागू नहीं होंगे।

[सं० एफ० 8/11/76-ए०सी०]

वी०एन० बहादुर, उपसचिव

S.O. 475.—In exercise of the powers conferred by Section 53 read with Section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of Section 11 of the said Act shall not apply to the Ootacamund Town Co-operative Urban Bank Ltd. Ootacamund for the period from 31 December, 1975 to 31 December 1977.

[No. F. 8/11/76-AC]

V. N. BAHADUR, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 24 जनवरी, 1977

का० आ० 476.—राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्ध और प्रकीर्ण उपबन्ध) योजना 1970 की धारा 3 की उपधारा (ज) के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार, श्री के०पी०ए० मेनन के स्थान पर राजस्व और बैंकिंग विभाग (बैंकिंग पक्ष), नयी दिल्ली के निदेशक श्री जे०सी० राय को एतद्द्वारा इलाहाबाद बैंक के निदेशक के रूप में नियुक्त करती है।

[सं० एफ० 9/6/76-बी०ओ० I]

मे० भा० उसगांवकर, अवर सचिव

New Delhi, the 24th January, 1977

S.O. 476.—In pursuance of sub-clause (h) of clause 3 of the Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970, the Central Government hereby appoints Shri J. C. Roy, Director, Department of Revenue & Banking (Banking Wing), New Delhi as a Director of Allahabad Bank, vice Shri K. P. A. Menon.

[No. F. 9/6/76-BO. I]

M. B. USGAONKAR, Under Secy.

RESERVE BANK OF INDIA

(Central Office)

(Department of Accounts and Expenditure)

CORRIGENDUM

Bombay, the 25th January, 1977

S.O. 477.—In the statement of Affairs of the Reserve Bank of India Banking Department, for the week ended 3rd December 1976, published in the Part II Section 3 (ii) of the Gazette of India dated 1st January 1977, the following corrigendum may be noted on page 23 the figures Rs. 145,00,000 under the head 'National Agricultural Credit (Stabilisation) Fund, may be read as Rs. 145,00,00,000.

[Reference Gen. No. 475/4-77/8]

Sd./-Illegible, p. Chief Accountant

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 1976

आय-कर

का० आ० 478.—केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 126 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपनी अधिसूचना सं० 1240 (फा० सं० 187/11/75—आ० क० (ए 1) तारीख 21-2-76 से उपाबद्ध अनुसूची में निम्नलिखित संशोधन करता है,

क्रम सं० 83 के सामने स्तंभ (1) से (5) के नीचे की प्रविष्टियों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात्:—

क्रम सं०	व्यक्ति	आ०क०अ०	आ० क० स० कलक्टर	स० आ० अपील	आ० क० आ०
1	2	3	4	5	6
83.	ऐसे व्यक्ति जो भारत में अधिवासी नहीं हैं और ऐसे व्यक्ति जो अपने प्रस्थान के समय भारत में अधिवासी होते हुए भी आयकर प्राधिकारी की राय में भारत में वापस नहीं आना चाहते और ऐसे व्यक्ति जो पहले भारत में कहीं भी निर्धारित नहीं किए गए हैं और जो आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 230(1) के अधीन विहित प्रमाणपत्र के लिए आयकर अधिकारी विदेश प्रभाग पुणे को आवेदन करते हैं।	आ० क० अ० विदेश प्रभाग, पुणे	आ० क० स० पुणे, रेंज-1, पुणे	स० आ० अपील पुणे, रेंज 1, पुणे	आ०क०आ० पुणे, 1, पुणे

[सं० 1576/फा० सं० 191/30/76-आई० टी० (ए I)]

एम० शास्त्री, अवर सचिव

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 9th December, 1976

INCOME-TAX

S.O. 478.—In exercise of the powers conferred by section 126 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961) the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following amendments to the Schedule appended to its Notification No. 1240 (F.No.187/11/75-IT (AI) dated 21-2-76.

The entries under columns 1 to 5 against S.No. 83 shall be substituted by the following:—

S. No.	Persons	I.T.O.	I.A.C.	A.A.C.	C.I.T.
1	2	3	4	5	6
83.	Persons not domiciled in India and persons who even if domiciles in India at the time of their departure have in the opinion of Income-tax authority no intention of returning to India and persons who are not previously assessed any where in India and who apply for the Certificate prescribed under section 230(1) of the I.T. Act, 1961, to the I.T.O. Foreign Section, Pune.	I.T.O. Foreign Section, Pune,	I.A.C. Pune, Range-I, Pune.	A.A.C. Pune, Range-I, Pune.	C.I.T. Pune-I, Pune.

[No. 1576/F.No. 191/30/76-IT(AI)

M. SHASTRI, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 12 फरवरी, 1977

का०आ० 479.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक तथा समीचीन है कि इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुएं निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अधीन हों :

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं और उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप-नियम (2) द्वारा अपेक्षित के अनुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है :

अतः अब उक्त उप-नियम के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 1040, तारीख 30 मार्च, 1966 को अतिष्ठित करते हुए उक्त प्रस्तावों को उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित करती है जिनके उनसे प्रभावित होने की सम्भावना है,

2. सूचना दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव देना चाहे तो वह उसे इस आदेश के राजपत्र

में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिनों के भीतर निर्यात निरीक्षण परिषद् 'वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर', 14/1/बी एजरा स्ट्रीट (आठवीं मंजिल), कलकत्ता-700001 को भेज सकता है।

प्रस्ताव

(1) यह अधिसूचित करना कि इस आदेश के उपाबन्ध 1 में विनिर्दिष्ट इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुएं निर्यात से पूर्व निरीक्षण के अधीन होंगी;

(2) इस आदेश के उपाबन्ध II में दिए गए इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं के निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 के प्रारूप के अनुसार निरीक्षण के प्रकार को निरीक्षण के ऐसे प्रकार के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो कि निर्यात से पूर्व ऐसी इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं पर लागू होगा;

(3) (क) भारतीय या अन्य किसी राष्ट्रीय मानक को, तथा

(ख) निर्यात-कर्ता द्वारा घोषित निर्यात संविदा के स्वीकृत विनिर्देशों को इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं के लिए मानक विनिर्देशों के रूप में मान्यता देना।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं के निर्यात का तब तक प्रतिषेध करना जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अन्तर्गत मान्य अभिकरणों में से किसी एक द्वारा दिया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का परेषण निरीक्षण संबंधी शर्तों को पूरा करता है तथा निर्यात योग्य है या उस पर उक्त अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य चिह्न या मुद्रा लगाई गई है।

3. इस आदेश की कोई भी बात भावी खोजों को इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं के वास्तविक नमूनों के भू, वायु तथा समुद्र-मार्ग द्वारा निर्यात पर लागू नहीं होगी।

4. इस आदेश में इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं से उपाबन्ध 1 में दी गई वस्तुओं में से कोई भी अभिप्रेत है।

उपाबन्ध I

[पैरा 1 तथा 4 का उप-पैरा (1) देखिए]

1. संरचनात्मक इस्पात (मानक क्वालिटी)।
2. जस्तीकृत इस्पात की चद्दरें (सपाट तथा नलीदार)।
3. तार तथा टेलीफोन के प्रयोजन के लिए जस्तीकृत लोहे तथा इस्पात का तार।
4. नरम इस्पात का तार।
5. कंक्रीट प्रबलन के लिए नरम इस्पात तथा मध्यम तनन इस्पात छड़ें तथा कर्षित कठोर इस्पात का तार।
6. कार्बन इस्पात की शीत वेलित चद्दर।
7. उच्च तनन वाला इमारती इस्पात।
8. कार्बन इस्पात की तप्त वेलित चद्दरें तथा पत्तियां।
9. संरचनात्मक प्रयोजनों के लिए कीलक छड़ें।
10. संरचनात्मक प्रयोजनों के लिए उच्च तनन वाली कीलक छड़ें।
11. गढ़ने के लिए कार्बन इस्पात की छड़ें, बेलनाकार, ब्लूम, पट्टियां।
12. संरचनात्मक इस्पात (साधारण क्वालिटी)।
13. संरचनात्मक इस्पात (द्रवण वेल्डिंग क्वालिटी)।
14. सामान्य इंजीनियरिंग प्रयोजनों के लिए मशीन के पुर्जों के उत्पादन के लिए कार्बन इस्पात की छड़ें।
15. संरचनात्मक इस्पात में पुनः वेलित करने के लिए कार्बन इस्पात के बेलनाकार (मानक क्वालिटी)।
16. संरचनात्मक इस्पात में पुनः वेलित करने के लिए कार्बन इस्पात के बेलनाकार (साधारण क्वालिटी)।
17. तप्त वेलित इस्पात की पत्तियां (गांठ बांधने के लिए)।
18. कंक्रीट प्रबलन के लिए तप्त वेलित नरम इस्पात मध्यम तनन इस्पात तथा उत्पाद सामर्थ्य इस्पात की विरूपित छड़ें।
19. कंक्रीट प्रबलन के लिए शीत बंटी हुई इस्पात की छड़ें।
20. बॉयलरों के लिए इस्पात के कीलक तथा आड़ी छड़ें।
21. बॉयलरों के लिए इस्पात की प्लेटें।
22. धातु आर्क वेल्डिंग के लिए इलक्ट्रोड क्रोड तार के लिए नरम इस्पात।
23. इस्पात की चारखानेदार प्लेटें।
24. तप्त कार्य के लिए औजार तथा डाई इस्पात।
25. खराद और प्रेरण कठोरन इस्पात।
26. शीत कार्य के लिए औजार तथा डाई इस्पात।
27. आम अभियांत्रिक कार्यों के लिए मिश्र इस्पात के बेलनाकार ब्लूम तथा पट्टियां।
28. गोलियों तथा रोलरों के केज के शीत वेलित कार्बन इस्पात।
29. गोलियों, रोलरों और बेयरिंग रेसिज के लिए कार्बन-क्रोमियम इस्पात।
30. गढ़न इस्पात।
31. कार्बन तथा कार्बन-मैंगनीज बाधारहित काटने वाला इस्पात।
32. केस कठोरन इस्पात।
33. बेयरिंग उद्योग में प्रयोग के लिए कीलकों के लिए क्रोमो-कार्बन इस्पात का तार।
34. बेयरिंग उद्योग में प्रयोग के लिए कार्बनीय (कैबराइजिंग) इस्पात।
35. कठोरन और मृदुकरनीय इस्पात।
36. डाप फोर्जिंग के लिए डाई ब्लॉकों के लिए इस्पात।
37. बर्तनों तथा अस्पताल के बर्तनों के लिए स्टेनलेस स्टील की छड़ें, कुण्डलियां तथा गोल प्लेटें।

उपाबन्ध II

[पैरा 2 का उप-पैरा (2) देखिए]

[निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अन्तर्गत बनाए जाने के लिए प्रस्तावित नियमों का प्रारूप]

1. संक्षिप्त नाम तथा प्रारम्भ :—(1) इन नियमों का नाम इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1977 है।

(2) ये को प्रवृत्त होंगे।

2. परिभाषाएं :—इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है;

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम की धारा 7 के अन्तर्गत मान्य अभिकरणों में से कोई एक अभिप्रेत है;

(ग) इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं से उपबन्ध-1 में दी गई वस्तुओं में से कोई भी अभिप्रेत है।

3 निरीक्षण का आधार :—निर्यात की जाने वाली इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का निरीक्षण यह देखने के विचार से किया जाएगा कि वह अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्य विनिर्देशों के अनुरूप है।

4 निरीक्षण की प्रक्रिया :—(1) इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का निर्यात करने का इच्छुक निर्यात-कर्ता आने ऐसा करने के आशय की सूचना लिखित रूप में देगा और ऐसी सूचना के साथ अभिकरणों में से किसी एक को निर्यात संविदा में दिए गए विनिर्देशों की तकनीकी विशेषताओं का ब्यौरावार वर्णन करते हुए एक घोषणापत्र भी देगा ताकि वह नियम 3 के अनुसार निरीक्षण कर सके।

(2) उप-नियम (1) के अन्तर्गत प्रत्येक सूचना तथा घोषणा पोत लदान की अनुसूचित तारीख से कम से कम दो सप्ताह पहले दी जाएगी। सूचना की एक प्रति उसी समय परिषद् के निरीक्षण के स्थान से निकटतम के कार्यालयों में से किसी एक को दी जाएगी, यथा :—

निर्यात निरीक्षण परिषद्, 'वर्ल्ड ट्रेड सेंटर', (आठवां मंजिल) 14/1-बी, एजरा स्ट्रीट, कलकत्ता-700001।

क्षेत्रीय कार्यालय :

1. निर्यात निरीक्षण परिषद्, 'अमन चैम्बर्स' (पांचवीं मंजिल) 113, महर्षि कर्वे मार्ग, बम्बई-4

2. निर्यात निरीक्षण परिषद्, मनोहर बिल्डिंग, महात्मा गांधी मार्ग, एर्नाकुलम, कोचीन-11

3. निर्यात निरीक्षण परिषद्, 13/37, पश्चिमी विस्तार क्षेत्र, आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली-5

(3) उप-नियम (1) के अन्तर्गत सूचना तथा घोषणा प्राप्त होने पर, अभिकरण इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का नियम 3 तथा इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों, यदि कोई हों, के अनुसार निरीक्षण करेगा।

(4) निरीक्षण की समाप्ति के पश्चात् अभिकरण तुरन्त ही परेषण को यह सुनिश्चित करने के लिए इस ढंग से सील या स्टेंसिल करेगा कि सील या स्टेंसिल किए गए माल के साथ छेड़-छाड़ न की जा सके। अस्वीकृति की दशा में, यदि निर्यात-कर्ता चाहता है तो परेषण अभिकरण द्वारा सील/स्टेंसिल नहीं भी किया जाएगा। तथापि, ऐसी दशा में, निर्यात-कर्ता अस्वीकृति के विरुद्ध अपील कर सकने का हकदार नहीं होगा।

(5) यदि अभिकरण का यह समाधान हो जाता है कि इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का परेषण नियम 3 की अपेक्षाओं के अनुरूप है तो वह निरीक्षण की समाप्ति के सात दिनों के भीतर निर्यात-कर्ता को यह घोषणा करते हुए कि परेषण निर्यात योग्य है, प्रमाण-पत्र देगा। प्रमाण-पत्र की एक प्रति उसी समय उप-नियम (2) में दिए गए परिषद् के निकटतम के कार्यालय को भेजी जाएगी :

परन्तु जहां अभिकरण का यह समाधान नहीं होता वहां वह उक्त सात दिनों की अवधि के भीतर ऐसा प्रमाण-पत्र देने से इन्कार कर देगा तथा ऐसे इन्कार की सूचना, उसके कारणों सहित, निर्यात-कर्ता को देगा और परिषद् के निकटतम कार्यालय को पृष्ठांकित करेगा।

5. मान्य चिन्हों को लगाना और उसकी प्रक्रिया भारतीय मानक संस्थान (प्रमाणीकरण चिह्न) अधिनियम, 1952 (1952 का 32) भारतीय मानक संस्थान (प्रमाणीकरण चिह्न) नियम, 1955 तथा भारतीय मानक संस्थान (प्रमाणीकरण चिह्न) विनियम, 1955 तथा इस संबंध में भारतीय मानक संस्थान द्वारा बनाई गई प्रक्रिया जहां तक हो सकती है, इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं के निरीक्षण पर जिसमें वे पूर्व लागू होंगी।

6. निरीक्षण का स्थान :—इन नियमों के प्रयोजन के लिए, इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुओं का निरीक्षण—

(क) विनिर्माता के परिसर पर, या

(ख) उस परिसर पर जहां इस्पात तथा इस्पात से बनी वस्तुएं निर्यात-कर्ता द्वारा प्रस्तुत की जाती हैं परन्तु यह तब जब वहां इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त परख सुविधाएं हों, किया जाएगा।

7. निरीक्षण शुल्क :—निर्यात-कर्ता इन नियमों के अन्तर्गत निरीक्षण फीस एक रुपया पचास पैसे (1.50) प्रति टन की दर से फीस के रूप में अभिकरण को देगा। यह फीस कम से कम एक सौ रुपये होगी।

8. अपील :—(1) नियम 4 के उप-नियम (5) के अन्तर्गत अभिकरण द्वारा प्रमाण-पत्र देने के इन्कार से व्यथित कोई व्यक्ति उसके द्वारा ऐसे इन्कार की सूचना प्राप्त होने के दस दिनों के भीतर, इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त सात से अन्यून और सात से अनधिक व्यक्तियों के विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा।

(2) विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता का कम से कम दो-तिहाई गैर सरकारी सदस्य होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी।

(4) अपील प्राप्त होने के पन्द्रह दिनों के भीतर निपटा दी जाएगी।

[सं० 6(7)/76-नि०नि० तथा नि०उ०]

MINISTRY OF COMMERCE

ORDER

New Delhi, the 12th February, 1977

S.O. 479.—Whereas the Central Government is of the opinion that it is necessary and expedient so to do for the development of the export trade of India that in exercise of the powers conferred by section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), steel and steel products should be subject to inspection prior to export;

And whereas the Central Government has formulated the proposals specified below for the said purpose and has forwarded the same to the Export Inspection Council as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964;

Now, therefore, in pursuance of the said sub-rule and in supersession of the notifications of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S. O. 1040 dated the 30th March, 1966, the Central Government hereby published the said proposals for the information of the public likely to be affected thereby.

2 Notice is hereby given that any person desiring to forward any objections or suggestions with respect to the said proposals may forward the same within forty-five days of the date of publication of this order in the Gazette of India to the Export Inspection Council 'World Trade Centre', 14/1B Ezra Street (7th floor), Calcutta-700001.

PROPOSALS

(1) To notify that steel and steel products specified in Annexure I to this order shall be subject to inspection prior to export;

(2) To specify the type of inspection in accordance with the draft Export of Steel and Steel Products (Inspection) Rules, 1976, set out in Annexure II to this order as the type of inspection which would be applied to such steel and steel products prior to export;

(3) To recognise—

(a) Indian or any other national standard, and

(b) the specifications declared by the exporter to be the agreed specifications of the export contract as the standard specifications for steel and steel products;

(4) To prohibit the export in the course of international trade of such steel and steel products unless the same are accompanied by a certificate issued by any of the agencies recognised under section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), to the effect that the consignment of steel and steel products conforms to the conditions relating to inspection and is exportworthy or affixed with a seal or a mark recognised by the Central Government under section 8 of the said Act.

3. Nothing in this order shall apply to the export by sea, land or air of bonafide samples of steel and steel products to prospective buyers.

4. In this order steel and steel products shall mean any of the items given in Annexure I.

ANNEXURE I

[See sub-paragraph (1) of paragraph 1 and paragraph 4]

1. Structural steel (standard quality)
2. Steel sheets, galvanised (plain and corrugated)
3. Iron and steel wire, galvanised for telegraph and telephone purposes
4. Mild steel wire
5. Mild steel and medium tensile steel, bars and hard-drawn steel wire for concrete reinforcement.
6. Carbon steel sheets, cold rolled
7. Structural steel, high tensile
8. Carbon steel sheet and strip hot rolled
9. Rivet bars for structural purposes
10. High tensile rivet bars for structural purposes
11. Carbon steel bars, billets, blooms and slabs for forgings
12. Structural steel (ordinary quality)
13. Structural steel (fusion welding quality)
14. Carbon steel bars for production of machine parts for general engineering purposes
15. Carbon steel billets for re-rolling into structural steel (standard quality)
16. Carbon steel billets for re-rolling into structural steel (ordinary quality)
17. Hot rolled steel strips (baling)
18. Hot rolled mild steel medium tensile steel and high yield strength steel deformed bars for concrete reinforcement
19. Cold-twisted steel bars for concrete reinforcement
20. Steel rivet and stay bars for boilers
21. Steel plates for boilers
22. Mild steel for metal arc welding electrode Core wire
23. Steel chequered plates
24. Tool and die steels for hot work
25. Tool and die steels for cold work
26. Flame and induction hardening steels
27. Alloy steel billets, blooms and slabs for forging for general engineering purposes
28. Cold-rolled carbon steel strips for ball and roller bearing cages.
29. Carbon-chromium steel for the manufacture of balls, rollers and bearing races
30. Mould steels
31. Carbon and carbon-manganese free-cutting steels
32. Case hardening steels
33. Low-carbon steel wire for rivets for use in bearing industry
34. Carburising steels for use in bearing industry
35. Steels for hardening and tempering
36. Steel for die blocks for drop forgings
37. Stainless steel sheets, coils and circles for utensils and hospital ware.

ANNEXURE II

[See sub-paragraph (2) of paragraph 2]

[Draft rules proposed to be made under section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963]

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the export of Steel and Steel Products (Quality Control and Inspection) Rules, 1977, and

(2) They shall come into force on.....

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires—

(a) 'Act' means the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

(b) 'Agency' means any of the agencies recognised under section 7 of the Act.

(c) 'Steel and steel products' mean any of the items given in Annexure I.

3. Basis of Inspection.—Inspection of Steel and steel products for export shall be carried out with a view to seeing that the same conforms to the specifications recognised by the Central Government under section 6 of the Act.

4. Procedure of inspection.—(1) Any exporter intending to export steel and steel products shall give intimation in writing of his intention so to do and submit along with such intimation a declaration of the specifications stipulated in the export contract giving details of all the technical characetristics to any one of the agencies to enable it to carry out inspection in accordance with rule 3.

(2) Every intimation and declaration under sub-rule (1) shall be given not less than two weeks before the scheduled date of shipment. A copy of the intimation shall simultaneously be endorsed to any of the following offices of the Council, which is nearest to the place of inspection, namely :—

Regional Offices :

Export Inspection Council
'World Trade Centre' (7th floor)
14/1B Ezra Sreet,
Calcutta-700001.

1. Export Inspection Council
'Aman Chambers' (4th floor)
113 Maharashi Karve Road,
Bombay-4.

2. Export Inspection Council
Manohar Buildings
Mahatma Gandhi Road,
Ernakulam, Cochin-11.

3. Export Inspection Council
13/37 Western Extension Area,
Arya Samaj Road,
Karol Bagh,
New Delhi-5.

(3) On receipt of the intimation and declaration under sub-rule (1), the Agency shall carry out the inspection of steel and steel products in accordance with rule 3 and the instructions, if any, issued by the Council in this regard.

(4) After completion of inspection, the Agency shall immediately seal or stencil the consignment in a manner so as to ensure that the sealed or stencilled goods cannot be tampered with. In case of rejection, if the exporter so desires the consignment may not be sealed/stencilled by the Agency. In such cases, however, the exporter shall not be entitled to prefer any appeal against the rejection.

(5) When the Agency is satisfied that the consignment of steel and steel products complies with the requirements of rule 3, it shall within seven days of completion of inspection issue a certificate to the exporter declaring that the consignment is exportworthy. A copy of the certificate shall simultaneously be sent to the nearest office of the Council as given in sub-rule (2).

Provided that where the Agency is not so satisfied, it shall within the said period of seven days refuse to ir the such certificate and communicate such refusal to the exporter along with the reasons therefor, and endorse a copy to he nearest office of he Council.

5. Affixation of recognised mark and procedure thereof.—The provisions of the Indian Standards Institution (Certification Marks) Act 1952 (32 of 1952), the Indian Standards Institution (Certification Marks) Regulations, 1955, and the procedure laid down by the Indian Standards Institution in this behalf shall, so far as may be apply to the inspection of steel and steel products prior to export.

6. Place of Inspection.—Inspection of seel and steel products for the purposes of these rules shall be carried out—

(a) at the premises of the manufacturer, or

(b) at the premises at which the steel and steel products are offered by the exporter provided adequate testing facilities for the purpose exist therein.

7. Inspection Fee.—A fee at the rate of Rs 1.50 per tonne subject to a minimum of rupees one hundred shall be paid by exporter to the Agency as inspection fee under these rules.

8. Appeal.—(1) Any person aggrieved by he refusal of the Agency to issue a certificate under sub-rule (5) of rule 4 may within ten days of receipt of communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than three but not more than seven persons appointed for the purpose by the Central Government.

(2) At least two thirds of the total membership of the panel of experts shall consist of non-officials.

(3) The quorum of the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of within fifteen days of its receipt.

[No. 6(7)/76-E I & E P.]

का० आ० 480.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 3030, तारीख 20 सितम्बर, 1965 को अधिक्रांत करते हुए, केन्द्रीय सरकार इससे उपाबद्ध अनुसूची I के स्तम्भ (1) में वर्णित संगठनों को उक्त अनुसूची के स्तम्भ (2) में प्रत्येक के सामने विनिर्दिष्ट हल्के इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात से पूर्व उनके निरीक्षण के लिए अभिकरणों के रूप में इस शर्त पर मान्यता देती है कि ऐसा प्रत्येक संगठन, निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा सम्यकतः प्राधिकृत परिषद् के अधिकारी को हल्के इंजीनियरी उत्पादों का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 के नियम 4 के उप-नियम (5) के अधीन प्रमाण-पत्र देने के लिए, इस संगठन द्वारा अपनाई गई निरीक्षण पद्धति निरीक्षण कर सकने के लिए पर्याप्त सुविधाएं देगी।

टिप्पण—भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं० का० आ० 895 तारीख 21 फरवरी, 1976 के अनुसार जिन हल्के इंजीनियरी उत्पादों का निर्यात से पूर्व निरीक्षण किया जाएगा उनकी सूची इससे उपाबद्ध अनुसूची II में दी गई है।

अनुसूची I

संगठन का नाम तथा पता	वस्तुएं
1	2
1. निर्यात निरीक्षण अभिकरण, कोचीन	अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट सभी हल्के इंजीनियरी उत्पाद
2. निर्यात निरीक्षण अभिकरण, मद्रास	
3. निर्यात निरीक्षण अभिकरण, कलकत्ता	
4. निर्यात निरीक्षण अभिकरण, दिल्ली	
5. निर्यात निरीक्षण अभिकरण, मुम्बई	
6. मैसर्स इन्सपैक्शन एंड टेस्टिंग कं० (इंडिया) प्रा० लि०, पी-1, हाइड लेन, कलकत्ता-12	
7. मैसर्स मित्रा एस० के० प्रा० लि०, पी-11, सी० आई० टी० रोड, कलकत्ता-14	अनुसूची 2 में घरेलू वस्तुओं के अन्तर्गत, बर्नर सहित लालटेन, को छोड़कर विनिर्दिष्ट सभी हल्के इंजीनियरी उत्पाद
8. मैसर्स लायड्स रजिस्टर ग्राफ शिपिंग, 1, फेयरली प्लेस, कलकत्ता-1	
9. मैसर्स कामो इंसपैक्टर्स एंड सुपरिटेन्डेन्स कं० प्रा० लि० एलिस बिल्डिंग, डा० दादा भाई नौरोजी रोड, बम्बई-1	
10. मैसर्स सुपरिटेंडेन्स कं० आफ इन्डिया (प्रा०) लि० 46 सी, चौरंगी रोड, कलकत्ता	
11. मैसर्स एन० सी० कारपोरेशन प्रा० लि०, 'स्टेडियम हाऊस', (चौथी मंजिल) 81—83, वीरनारीमन रोड, मुम्बई-1	
12. मैसर्स एम० एन० दस्तूर एंड कं० प्रा० लि०, कंसल्टिंग इन्जीनियर्स, पी-17 मिशन रो एक्सटेंशन, कलकत्ता-13	
13. आफिसर इन्चार्ज, क्वालिटी मार्किंग सेंटर्स (इंजि) मालेरकोटला, बटाला, लुधियाना, जलन्धर तथा अमृतसर में उद्योग निदेशालय, पंजाब	
14. आफिसर इंचार्ज क्वालिटी मार्किंग सेंटर्स (इंजि), फरीदाबाद, सोनीपत, जगाधरी तथा अम्बाला में उद्योग निदेशालय, हरियाणा	
15. क्वालिटी मार्किंग सेंटर्स, अलीगढ़, मेरठ तथा मुरादाबाद में उद्योग निदेशालय, उत्तर प्रदेश	(1) पीतल के बर्तन (2) तांबे के बर्तन (3) कैंचियां (4) दराज के ताले, अलमारी के ताले, बक्सों के ताले, सूटकेस के ताले, पोर्टफोलियो के ताले तथा ब्रीफ केस के ताले (5) मार्टिस ताले (उभय प्रकार के) (6) पैडलाक ताले

अनुसूची-II

हल्के इंजीनियरी उत्पाद

1 घरेलू वस्तुएं

1 पीतल के बर्तन

2 बर्नर सहित ब्लो लैंप

3 ताबे के बर्तन

4 नरम लोहे की बाल्टियां

5 बर्नर सहित तेल के दबाव वाले स्टोव

6 तेल के दबाव वाली लालटेन

7 कैंचियां

8 छाते

2 हमारी सामान

1 दराजों के ताले, अलमारी के ताले, बक्सों के ताले, सूटकेस के ताले, पोर्टफोलियो के ताले तथा ब्रीफकेस के ताले।

2 बाड़ लगाने के लिए जस्तीकृत इस्पात का कंटीला तार

3 तसले

4 कब्जे

5 नरम इस्पात के तार की कील

6 मार्टिस ताले (उत्तम प्रकार के)

7 पैडलाक ताले

8 पैडलाक तालों के साथ लगने वाले दरवाजों के सरकवां कुण्डे

9 चटकनियां

10. तार की जाली

3 कांटे छुरियां

1 कांटे

2 चाकू

3 चम्मच

[सं० 6(14)/74-नि०नि० तथा नि०उ०]

S.O. 480.—In exercise of the powers conferred by Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) and in super-session of the Notification of the Government of India, in the Ministry of Commerce No S O 3030 dated the 20th September, 1965, the Central Government hereby recognises the organisations mentioned in column (1) of Schedule I annexed hereto as the agencies for the inspection of the light engineering products specified against each in column (2) of the said schedule, prior to their export, subject to the condition that every such organisation shall give adequate facilities to an officer of the Export Inspection Council, duly authorised by the Council, to inspect the method of inspection followed by that organisation in granting the certificate under sub-rule (5) of rule 4 of the Export of Light Engineering Products (Inspection) Rules, 1976

Note —A list of the Light Engineering Products which shall be subject to inspection prior to export vide the order of the Government of India in the Ministry of Commerce No S O 895 dated the 21st February, 1976 is in Schedule II annexed hereto

SCHEDULE I

	Name and address of the Organisation	Item
1	Export Inspection Agency, Cochin	All light engineering products specified in schedule II
2	Export Inspection Agency, Madras	
3	Export Inspection Agency, Calcutta	
4	Export Inspection Agency, Delhi	
5	Export Inspection Agency, Bombay	
6	M/s Inspection Testing Co (India) (P) Ltd P 1, Hide lane, Calcutta-12	All light engineering products specified in Schedule II excepting '2 Blow lamp including burner' under '1 Household Articles'
7	M/s Mitra S K (P) Ltd, P-II, C I T Road, Calcutta-14	
8	M/s Lloyds Register of Shipping, 1, Fairlie Place Calcutta 1	
9	M/s Cargo Inspectors and Superintendence Co (P) Ltd, Alice Buildings, Dr Dadabhai Naroji Road Bombay-1	
10	M/s Superintendence Co of India (P) Ltd, 46C, Chowringhee Road Calcutta	
11	M/s N C, Corporation Pvt Ltd 'Stadium House' (3rd Floor), 81-83 Veer Narman Road, Bombay-1	
12	M/s M N Dastur and Co, P Ltd, Consulting Engineers, P-17, Mission Row Extension, Calcutta-13	
13	Officers-in-charge, Quality Marking Centres (Eng) Directorate of Industries, Punjab at Malerkotla, Batala, Ludhiana, Jullunder and Amritsar	
14	Officers-in-charge, Quality Marking Centres (Eng) Directorate of Industries, Haryana at Faridabad, Sonepat, Jagadhri and Ambala	
15	The Quality Marking Centres, Directorate of Industries, Uttar Pradesh, at Aligarh, Meerut and Moradabad	(1) Brass utessils (2) Copper utensils (3) Scissors (4) Drawer locks, Cupboard locks, box locks, suitcase locks, portfolio locks and Brief case locks (5) Mortice locks (vertical type) (6) Padlocks

SCHEDULE II

LIGHT ENGINEERING PRODUCTS

I Household Articles

1 Brass utensils
2 Blow lamp including burner
3 Copper utensils
4 Mild steel buckets
5 Oil pressure stove including burner
6 Oil pressure lantern
7 Scissors
8 Umbrellas

II Builder's Hardware

1 Drawer locks, cupboard locks, box locks, suitcase locks, portfolio locks and briefcase locks
2 Galvanised steel barbed wire for fencing
3 Ghamellas
4 Hinges
5 Mild steel wire nails
6 Mortice locks (vertical type)
7 Padlocks

8. Sliding door bolts for use with padlocks
9. Tower bolts
10. Wire gauze

III. Cutlery

1. Forks
2. Knives
3. Spoons.

[No. 6(14)/74/EI & EP]

का० आ० 481.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उड़ीसा सरकार विश्लेषण प्रयोगशाला, जाजपुर रोड (जिला कटक) तथा जोड़ा (जिला कियोनझर) को भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० 3150 दिनांक 30 सितम्बर, 1965 से उपाबद्ध अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट खनिज और अयस्क-ग्रुप 2 के निरीक्षण के लिए अभिकरण के रूप में एक वर्ष की और अवधि के लिए एतद्वारा मान्यता देती है।

[सं० 5(4)/74-ई०आई०एण्ड ई०पी०]

S.O. 481.—In exercise of the powers conferred by Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963) the Central Government hereby recognises for a further period of one year the Government of Orissa Analytical Laboratories at Jajpur Road (District : Cuttack) and Joda (District : Keonjhar) as the agency for the inspection of the Minerals and Ores—Group II, specified in Schedule II annexed to the notification of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 3150 dated the 30th September, 1965.

[No. 5(4)/74-FI & EP]

का० आ० 482.—निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम 1963 (1963 का 22) की धारा 7 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार उड़ीसा सरकार विश्लेषण प्रयोगशाला, जाजपुर रोड (जिला कटक) तथा जोड़ा (जिला कियोनझर) को भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 3152 तारीख 30 सितम्बर 1965 के उपाबद्ध अनुसूची 2 में विनिर्दिष्ट खनिज और अयस्क-ग्रुप 1 के निरीक्षण के लिए अभिकरण के रूप में एक वर्ष की और अवधि के लिए एतद्द्वारा मान्यता देती है।

[सं० 5(4)/74-ई०आई० एण्ड ई०पी०]

के० वी० बालसुब्रमणि, यस, उप निदेशक

S.O. 482.—In exercise of the powers conferred by Section 7 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby recognises for a further period of one year the Government of Orissa Analytical Laboratories at Jajpur Road (District : Cuttack) and Joda (District : Keonjhar), as the agency for the inspection of the Minerals and Ores—Group I, specified in Schedule II annexed to the notification of the Government of India in the Ministry of Commerce, No. S.O. 3152 dated the 30th September, 1965

[N. 5(4)/74-EI & EP]

K. V. BALASUBRAMANIAM, Dy Director

(निर्यात उत्पादन विभाग)

नई दिल्ली, 24 जनवरी, 1977

रबड़ नियंत्रण

का० आ० 483.—रबड़ नियम, 1955 के नियम 4 के साथ पठित, रबड़ अधिनियम 1947 (1947 का 24) की धारा 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा अधिसूचित करती है कि संसद सदस्य श्रीमती लीला दामोदर मेनन को उक्त अधिनियम की धारा 4 की उप-धारा (3) के खण्ड (ङ) के अधीन सरकारी राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए राज्य परिषद् द्वारा रबड़ बोर्ड के सदस्य के रूप में चुन लिया गया है।

[फा० सं० 15(4)/70-प्लांट (बी)]

श्रीमती कोमल आनन्द, अवर सचिव

(Department of Export Production)

New Delhi, the 24th January, 1977

RUBBER CONTROL

S.O. 483.—In xercise of the powers conferred by section 4 of the Rubber Act, 1947 (24 of 1947), read with rule 4 of the Rubber Rules, 1955, the Central Government hereby notifies that Smt. Leela Damodara Menon, Member of Parliament, has been elected by the Council of States as a member of the Rubber Board, under clause (e) of sub-section (3) of section 4 of the said Act for a period of three years from the date of publication of this notification in the official Gazette.

[F. No. 15(4)/70-Plant(B)]

SMT. KOMAL ANAND, Under Secy.

मुख्य-नियंत्रक, आयात-निर्यात का कार्यालय

आदेश

नई दिल्ली, 27 जनवरी, 1977

का० आ० 484.—सर्वश्री पंजाब ग्रीवरीज लि० फोकल प्वाइन्ट एरिया, लुधियाना को 17,000/- रुपये (सतरह हजार रुपये मात्र) के लिए एक आयात लाइसेंस संख्या आई/डी/1069239/आर /एमएल/एच/59/41-42, दिनांक 14-5-76 प्रदान किया गया था। उन्होंने उक्त लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति की अनुलिपि जारी करने के लिए इस आधार पर आवेदन किया है कि मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति खो गई/अस्थानस्थ हो गई है। आगे यह उल्लेख किया गया है कि मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति किसी भी सीमाशुल्क प्राधिकारी से पंजीकृत नहीं कराई गई थी।

इस का किसी भी धनराशि के लिए उपयोग नहीं किया गया था और इस पर 2-12-1976 को 17,000/- रुपये का उपयोग करना बाकी था।

2. इस तर्क के समर्थन में आवेदक ने शपथ अधिकारी लुधियाना से एक प्रमाणपत्र के साथ एक शपथ पत्र दाखिल किया है। तदनुसार मैं संतुष्ट हूं कि उक्त लाइसेंस की मूल मुद्रा विनियम नियंत्रण प्रति खो गई है। इसलिए यथा संशोधित आयात (नियंत्रण) आदेश 1955 दिनांक 7-12-55 की उप-धारा 9 (सीसी) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए सर्वश्री पंजाब ग्रीवरीज लि०, लुधियाना को जारी किए गए लाइसेंस संख्या आई/डी/1069239/आर/एम एल/एच/59/41-42, दिनांक 14-5-76 की मूल मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति एतद्द्वारा रद्द की जाती है।

3. उक्त लाइसेंस की मुद्रा विनिमय नियंत्रण प्रति की अनुलिपि लाइसेंस धारी को अलग से जारी की जा रही है।

[संख्या पी०/3/75-76/पी०एस०एल०(ए)]

लक्ष्मीश्वर प्रसाद, उप मुख्य नियंत्रक

Office of the Chief Controller of Imports and Exports

ORDER

New Delhi the 27th January, 1977

S.O. 489.—M/s. Punjab Breweries Limited, Focal Point Area, Ludhiana were granted an import licence No. I/D/1069239/R/ML/59/41-42, dated 14-5-76 for Rs. 17,000/- (Rupees Seventeen thousand only). They have applied for the issue of a duplicate Exchange Control Purposes copy of the said licence on the ground that the original Exchange Control Purposes copy has been lost/misplaced. It is further stated that the original Exchange Control copy was not registered with any Custom authorities.

It was utilised for Rs. Nil and the balance available on it was Rs. 17,000/- as on 2-12-1976.

